अवर सचिव
UNDER SECRETARY

उप-राष्ट्रपति सचिवालय
VICE-PRESIDENT'S SECRETARIAT
नई दिल्ली/NEW DELHI - 110011
TEL.: 23016344/23016422 FAX: 23018124

फाइल संख्या वीपीएस-55/01-आरटीआई/42/2016-17

05 जुलाई, 2017

सेवा में,

श्री रामपाल पुत्र श्री कालू राम,
मकान नं. 24/25 करावल नगर,
मेन रोड गांव न्यू चौहानपुर दिल्ली।

विषय :- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना हेतु

महोदय,

कृपया अपने दिनांक 30.06.2017 के पत्र जोकि इस सचिवालय में 04.07.2017 को प्राप्त हुआ है, का संदर्भ ग्रहण करें जिसके साथ आपने दस रूपये का पो.आ. संख्या 37एफ 996766 संलग्न कर सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया है।

इस संदर्भ में आपको अवगत कराया जाता है कि आपके पत्र की विषय-वस्तु सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत नहीं आती है और न ही इस कार्यालय से संबंधित है। अत: आपका पत्र मूल रूप में दस रूपये के पो.आ. संख्या 37एफ 996766 सहित आपको लौटाया जा रहा है तथा आपको सलाह दी जाती है कि आप इस विषय में संबंधित मंत्रालय/विभाग/कार्यालय से संपर्क करने का कष्ट करें।

धन्यवाद,

भवदीय,

हुरबी शकील

(हुरबी शकील)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
hurbi.shakeel@nic.in

Narender Singh
5/7/17

RTI No. 42

Date: 30/6/17
Page No.:

सेवा मे,

श्रीमान राष्ट्रपति जी
दिल्ली सरकार,
राष्ट्रपति भवन
दिल्ली - 02

President's Secretariat Date New Delhi

महोदय,

सविनिय निवेदन यह है कि राजपाल जिसका देहांत 20/12/2007 को हो गया था। जो MCD के मलेरिया विभाग मे बेलदार के पद पर कार्य करता था। राजपाल की पत्नि राजकुमारी की मृत्यु 9/10/2006 मे हो गई थी। राजपाल की अपनी कोई संतान नही थी। राजपाल ने अपने भाई रामपाल का पुत्र अशोक कुमार एवं आकाश गौतम को गोद ले लिया था। जो जोईट फैमिली मे रहता है राजपाल ने अपनी सर्विस बुक मे 1992 से अशोक कुमार को नौमिनी बनाया हुआ है MCD के छः कर्मचारियो ने मिलकर नौमिनी मे छेड़-छाड़ की है (1) राजवीर जिसने 30,000 रु जो हमसे धोखे से ले गया। (2) पंत (3) शिवभाग्य (4) बिल क्लर्क मैडम (5) सुरेन्द्र मलेरिया इंस्पेक्टर (6) DHO हजारी इन सबने दूसरी पार्टी से मोटी रकम खाकर। जो राजपाल की अपनी कोई संतान नही थी और प्रदीप को उसका पुत्र बना दिया और राजपाल की पत्नि के पैदा दिखा दिया। और नौमिनी घोषित कर दिया जो प्रदीप कुमार नौमिनी बनाई है वो भी जोन मे बनाई है जबकि जी० पी० एफ के रिकार्ड मे और हैड ऑफिस मे नौमिनी अशोक कुमार है। यह केस 2008 से चल रहा है पहले यह केस तीस हजारी कोर्ट न० -158 मे चल रहा था। तीस हजारी कोर्ट मे यह केस दस महीनो तक चला। दस महीनो तक MCD वालो ने कोई जवाब नही दिया। और प्रदीप को नौमिनी बनाकर

Date:
Page No.:

हमे धक्का मार कर निकाल दिया। और हमे चमार, चमार करके हमे धक्के मार कर निकाल दिया और हमारे साथ गाली-गलोच की और कहा जो तु दोबारा आया तो तुझे उल्टे-सीधे केस मे फसवा देगे। राजवीर जो हमसे मृत्यु प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, वोटर आईडी, ले जा कर राजवीर ने दूसरी पार्टी से मिलकर उन औरिजनल कागजो के जरिए। नामिनी चेन्ज करवा दी और प्रदीप का खाता खुलवा दिया।

कृप्या करके इन दो कर्मचारियो के खिलाफ बारिकी से CBI जाँच की जाए और इन पर चमार एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही की जाए। और हम दस साल से कोर्ट के चक्कर काट रहे है हमारी कोई सुनवाई नही की जा रही है। कृप्या करके आप से हमारी विनति है हमारी इस विषय पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए।

धन्यवाद

Postal No → 37F 996766

प्रार्थी
रामपाल s/o कालु राम
म० न०-24/25 करावल
नगर मैन रोड गाँव न्यू
दिल्ली। 110094
1399596

मनी टाका | अपरक्राम्य | NEGOTIABLE | दहा रुपये | दस रुपये | दश रूप्यकाणि

भारतीय पोस्टल आर्डर
INDIAN POSTAL ORDER

डाक महानिदेशक DIRECTOR GENERAL OF POSTS.

PAY TO उपराष्ट्रपति जी, दिल्ली सरकार राष्ट्रपति भवन दिल्ली-2

दस रुपए की रकम THE SUM OF RUPEES TEN ONLY को

₹10

कमीशन COMMISSION रुपया 1 RUPEE

सत्यमेव जयते

प्रेषक अपना नाम और पता यहां लिख दे।
SENDER MAY FILL IN HIS NAME AND ADDRESS HERE.

AT THE POST OFFICE AT

के डाकघर में अदा करें।

रामपाल s/o कालु राम
म० न० 24/25 करावल
नगर मैन रोड गाँव न्यू
चौहान पुर दिल्ली-94

इस लाइन के नीचे मत लिखिए DO NOT WRITE BELOW THIS LINE

37F 996766

STAMPS

POSTMASTER

लेखा संख्या एलाट करके वापस ...
इस संख्या को ई० सी० आर० तथा पुस्तिका में भी नोट कर।